# मेवाड़ विश्वविद्यालय में फुटबॉल प्रतियोगिता

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में 14 अक्टूबर से आयोजित हो रही फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। लीग आधारित प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने आपस में मुकाबले किये जिनमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेवाड़ एकेडमी टीम एवं काकवासिया डेवलपमेंट फाउंडेशन टीम प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही।

फाइनल मुकाबले का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डा. अशोक कुमार गदिया द्वारा किया गया। अति रोमांचक फइनल मुकाबले में मेवाड़ एकेडमी टीम 4.2 गोल के साथ विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता रही मेवाड़ एकेडमी टीम को ट्रॉफी एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों में मोहम्मद मुसा को बेहतरीन गोल कीपर, 16 गोल करने पर मोहम्मद याकूब को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं बतौर बेहतरीन डिफेंडर बसी अबू बकर को मेवाड़ विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रोफेसर सर्वोत्तम दीक्षित द्वारा पुरुस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डीन अमरेश ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय की टीम भविष्य में होने वाले राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहेगी।

Rajasthan Patrika, 22-11-2019

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में फुटबॉल स्पर्धा में मेवाड़ एकेडमी विजेता ...

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में 14 अक्टूबर से चल फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। लीग आधारित प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने



आपस में मैच खेले। बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेवाड़ एकेडमी टीम एवं क्वाकवासिया डेवलपमेंट फाउंडेशन टीम फाइनल में स्थान बनाने में कामयाब रही। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने किया। रोमांचक मुकाबले में मेवाड़ एकेडमी टीम 4-2 से विजेता रही। समापन समारोह में मेवाड़ एकेडमी टीम को ट्रॉफी एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में मोहम्मद मूसा को बेहतरीन गोल कीपर का पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रतियोगिता में 16 गोल करने पर मोहम्मद याकूब को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं बतौर बेहतरीन डिफेंडर बसी अबू बकर को मेवाड़ विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रोफेसर सर्वोत्तम दीक्षित ने पुरस्कृत किया। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डीन अमरेश ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय की टीम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी।

Dainik Bhaskar 22-11-2019

# मेवाड़ एकेडमी ने जीती फुटबाल प्रतियोगिता



गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बेहद रोमांचक फाइनल के साथ हुआ। लीग आधारित प्रतियोगिता के फाइनल में मेवाड़ एकेडमी ने क्वाकवासिया डेवलपमेंट फाउंडेशन टीम को 4-2 से हराया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया मौजूद थे। विजेता रही मेवाड़ एकेडमी टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। मोहम्मद मुसा को श्रेष्ठ गोल कीपर, 16 गोल करने पर मोहम्मद याकूब को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी एवं श्रेष्ठ डिफेंडर बसी अबू बकर को मेवाड़ विह्यवविद्यालय के सलाहकार प्रोफेसर सर्वोत्तम दीक्षित द्वारा पुरुस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डीन अमरेश ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय की टीम भविष्य में होने वाले राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी।

Dainik Navajyoti 22-11-2019

# मेवाड़ एकेडमी फुटबाल प्रतियोगिता में हुई विजेता

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हो रही फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। लीग आधारित प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने आपस में मुकाबले किये जिनमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेवाड़ एकेडमी टीम एवं क्राकवासिया डेवलपमेंट फाउंडेशन टीम प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। फाइनल मुकाबले का भव्य उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया द्वारा किया गया। अति रोमांचक फाइनल मुकाबले में मेवाड़ एकेडमी टीम 4.2 गोल के साथ विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता रही मेवाड़ एकेडमी टीम को ट्रॉफी एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों में मोहम्मद मुसा को बेहतरीन गोल कीपर 16 गोल करने पर मोहम्मद याकूब को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी एवं बतौर बेहतरीन डिफेंडर बसी अबू बकर को मेवाड़ विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रोफेसर सर्वोत्तम दीक्षित द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

Pratahkal 22-11-2019